बूंदी नगर परिषद की बैठक भारी हंगामे के बीच सम्पन्न हुई

- सत्ता पक्ष के पार्षदों का मनमुटाव सामने आया
- कांग्रेस का एक खेमा खुश, तो दूसरा रहा नाराज, वहीं भाजपा पार्षदों ने ठगा हुआ महससूस किया
- सत्ता पक्ष के पार्षदों में आपस में कुर्सियां व लात-घूंसे चले
- सत्ता पक्ष के पार्षदों ने अपने ही पार्षदों पर अतिक्रमण करवाने व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

बून्दी (निसं)। नगर परिषद बून्दी की साधारण सभा की बैठक बुधवार को सभापति मधु नुवाल की अध्यक्षता में भारी हंगामे के बीच सम्पन्न हुई। बैठक के लिए निर्धारित बिन्दु पारित हो गये। हंगामे के चलते यह यह बोर्ड बैठक महज खानापूर्ति साबित हुई।

नगर परिषद बोर्ड बैठक में विकास के मुद्दों की जगह प़क्ष विपक्ष के पार्षद एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के साथ अपनी बात रखने को लेकर जमकर हंगामा करते नजर आए। पिछली बोर्ड बैठक में कांग्रेस के नदारद रहे उपसभापति गुट के नाराज पार्षद बैठक में सम्मिलित हुए, लेकिन उनको समस्यायें नहीं उठाने देने के कारण कांग्रेसी पार्षदों का कांग्रेसी पार्षदों से विवाद हो गया।

बैठक में नाराजगी समाप्त होने की जगह पार्षदों के बीच में मनमुटाव पहले से ज्यादा उभर कर सामने आया। अतिक्रमण दस्ते पर अवैध चौथ वसूली, नगर परिषद् में चल रहे भ्रष्टाचार के आरोपों पर हुए विवाद में सत्ता पक्ष के दोनों गुटों मे आपस में कुर्सियां चल गई। आरेप प्रत्यारोपों के बीच हुए हंगामें के चलते बैठक समाप्त कर दी गई।

उपसभापति गुट के नाराज एक दर्जन कांग्रेस पार्षदों ने बैठक स्थल अम्बेडकर भवन में धरना शुरू कर दिया। वहीं दूसरी ओर सभपति गुअ के पार्षदों ने सभापति मधु नुवाल का केक काट कर जन्म दिन मनाया। भाजपा पार्षद रणजीत नायक ने सभापति मधु नुवाल को 21 किलो की माला पहनाई।

शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, सीवरेज व सड़कों का छाया मुद्दा:- सदन की बात सदन में ही समाप्त करने की बात कहते हुए प्रतिपक्ष के नेता मुकेश माधवानी ने शहर में बिगड़ती पार्कों की व्यवस्था और पुराने शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था को उठाया। वहीं भाजपा पार्षदों ने शहर की टूटी व जर्जर सडकों के मामलों को उठाया। कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन ने शहर मे बनवाई जा रही सडकों के विकास की बात रखते हुए नगर परिषद् के मेगा सफाई अभियान की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि मेगा सफाई अभियान के साथ सभी वार्डो में सभापति व आयुक्त जनसुनवाई की व्यवस्था भी करें, ताकि वार्डों की छोटी छोटी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकें।

शहर में लगे महर्षि नवल की मूर्ति:- पार्षद अर्जुन डाबोडिया ने नगर परिषद में सफाई कर्मियों की भर्ती और उनकी पदोननति की बात रखते हुए शहर में महर्षि नवल की मूर्ति लगवाने तथा बाल्मिकी समाज हेतु सामुदायिक भवन बनवाने की मांग भी की। इन्होंने नए संसाधनों की खरीद का समर्थन करते हुए नगर परिषद में उपलब्ध संसाधनों के रखरखाव और मरम्मत पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

पार्षद अर्जुन डाबोडिया और प्रेमप्रकाश एवरग्रीन ने गुरुनानक कॉलोनी के गलत परिसीमन के कारण पीड्ब्ल्यूडी में गई जमीन को बाहर निकलवाने और क्षेत्र के पट्टों को स्टेट ग्रांट व 69 ए में बनवाने की मांग की साथ ही नगर परिषद बूंदी द्वारा अडानी को भूमि बेचने का मुद्दा उठाया गया और उसकी जांच एसीबी से करवाने की मांग की।

बालक को उनके परिजनों को सुपुर्द किया

कोटा, (निसं)। राष्ट्र और उसके नागरिकों की सेवा में कोटा मंडल के रेल सुरक्षा बल समपर्ण भावना के साथ कार्यरत है। साथ ही कर्तव्यनिष्ठा से रेलवे सुरक्षा बल जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान भी रखते हैं। मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल कर्मी अपनी ड्यूटी पूरी तत्परता और सतर्कता के साथ निभा रहे है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कोटा पोस्ट ने 'ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते' के तहत 21 मार्च को अरहान शेख पुत्र मो.वसीम उम्र-15 वर्ष बालक को सुरक्षित उनके परिजन को सुपुर्द किया। यह उदयपुर निवासी नाबालिक बच्चा कोटा स्टेशन पर सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार को ड्यूटी गस्त के दौरान निराश्रित हालत में घूमता हुआ मिला जिसे चाईल्ड हैल्प लाईन कोटा को सूचित करते हुए दो पंचो के समक्ष सुपुर्दगीनामा तैयार कर सही सलामत सुपुर्द किया गया।

ट्राईसाइकिल सौंपी

कोटा, (निसं)। रोटरी पद्मिनी क्लब द्वारा सामाजिक कार्य जारी है। रोटरी पद्मिनी क्लब अध्यक्ष गुरप्रीत आनंद ने बताया कि धानमंडी के सामने स्थित पेट्रोल पंप जहां पर दिव्यांग नंदी लाल को ट्राईसाइकिल सौंपी।

मोशन एजुकेशन करेगा कोटा से फ्री जेईई, नीट की तैयारी का सपना पूरा

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन की ओर से कोटा में जेईई, नीट और कक्षा 6-9 के साथ विभिन्न ओलम्पियाड की नि:शुल्क कोचिंग के लिए 28 मार्च को शिक्षा जगत की अनूठी लॉटरी निकली जाएगी। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि हम प्रतिभावान बच्चों को उनके बोर्ड में प्राप्त अंकों और मोशन टेलेंट सर्च एग्जाम के आधार पर करोड़ों की स्कॉलरशिप देते है।

इसके अलावा हम हर साल लॉटरी निकलकर शिक्षा जगत की अनूठी स्कॉलशिप भी देते हैं। इसके लिए कोई भी बच्चा आवेदन कर सकता है। इसके तहत मोशन के यू-ट्यूब चैनल्स की कमाई से स्कॉलशिप दी जाती है। दरअसल, यू-ट्यूब चेनल्स से कमाई बच्चों के प्रेम के कारण ही होती है। इसलिए इसमें हम कुछ राशि और मिलाकर बच्चों की स्कॉलरशिप पर खर्च करते रहे हैं। इस बार भी हमने यू-ट्यूब चैनल्स की कमाई, बच्चों पर लुटाई-2023 के तहत यह लॉटरी निकालने का निर्णय किया है। इसके तहत करीब 140 से अधिक बच्चों को स्कॉलरशिप दी जानी है। कोटा क्लासरूम, ऑनलाइन पढाई के अलावा इसमें एक-एक बच्चा ऐसा भी होगा, जिसको कोचिंग के अलावा हॉस्टल और मेस का खर्च भी स्कॉलरशिप के तहत दिया जाएगा।

21-21 बच्चों को क्लासरूम और 51-51 को मोशन लर्निंग एप के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। बच्चों को मोशन एजुकेशन के यूट्यूब चौनल और वेबसाईट पर ऑनलाईन गूगल फॉर्म भरना होगा। इसके लिए 27 मार्च अंतिम तिथि रखी गई है। 28 मार्च को शाम 5 बजे इसकी लॉटरी पूरी पारदर्शिता के साथ निकाली जाएगी।

गौरतलब है कि गतवर्ष जिला कलेक्टर ने यह लॉटरी निकली थी। इसका फायदा देशभर के बच्चों को इसका मिला था। इन बच्चों ने पढाई में भी काफी अच्छा किया है। लॉटरी को आमतौर पर जुए से जोड़ा जाता है लेकिन मोशन की यह लॉटरी शिक्षा जगत की एक मात्र और अपनी तरह की अनूठी लॉटरी है।

कोटा होकर जाने वाली एक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ी

कोटा, (निसं)। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए सवाई माधोपुर, कोटा एवं रामगंजमंडी होकर जाने वाली एक साप्ताहिक समर स्पेशल गाड़ी संख्या 09739/09740 ढेहर का बालाजी- साई नगर सिरडी-ढेहर का बालाजी के मध्य चलने वाली ट्रेन को दोनों दिशाओं में 09-09 ट्रिप अधिक चलाने का निर्णय लिया गया हैं। गाड़ी संख्या 09739 ढेहर का बालाजी से साई नगर सिरडी के संचालन अवधि को 09 जून तक एवं गाड़ी संख्या 09740 साई नगर सिरड़ी से ढेहर का बालाजी के संचालन अवधि को दिनांक 11 जून तक बढ़ा दिया गया हैं। गाड़ी संख्या 09739 ढेहर का बालाजी से साई नगर सिरडी के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रत्येक शुक्रवार, गाड़ी संख्या 09740 साई नगर सिरडी से ढेहर का बालाजी के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रत्येक रविवार को अपने निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, नागदा, उज्जैन, भुसावल, मनमाड़ एवं कोपरगांव स्टेशनों पर रुकेगी।

महर्षि गौतम जयंती धूमधाम से मनाई

कोटा, (निसं)। महर्षि गौतम जयंती के उपलक्ष में कोटा शहर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर न्यायशास्त्र के प्रणेता श्री महर्षि गौतम का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री महर्षि गौतम सामुदायिक भवन में स्थापित श्री महर्षि गौतम जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया गया। इस अवसर पर बटुकों के द्वारा वैदिक मंत्रो के उच्चारण हुए, साथ ही शंखों की ध्वनि के बीच महर्षि गौतम की भव्य आरती की गई, इसके पूर्व प्रातरू महर्षि गौतम सेवा समिति रंगबाड़ी द्वारा क्षेत्र में बांके बिहारी जी मंदिर से भीमेश्वर महादेव गणेश नगर तक समाज बंधुओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर अखिल भारतीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र गौतम, संभागीय अध्यक्ष भगवान स्वरूप गौतम, पार्षद राष्ट्रीय सचिव विद्यासागर शर्मा, पार्षद कुलदीप गौतम, पार्षद कमल खान, फोटो योग संघ के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी गिर्राज गौतम, नरेंद्र गौतम, गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के कोटा अध्यक्ष श्रीनाथ गौतम, महामंत्री लेखराज गौतम, एडवोकेट बृज नारायण शर्मा, त्रिलोकचंद गौतम, रमेश चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रंगबाड़ी समिति के अध्यक्ष शंभू दयाल गौतम, कोषाध्यक्ष केदार शर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, महामंत्री चंद्रप्रकाश गौतम, आरके पुरम समिति के अध्यक्ष खेमराज गौतम, बोरखेड़ा समिति के अध्यक्ष विजय पंडित गौतम, समेत अन्य पदाधिकारी महिलाएं मौजूद रहे।

अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र गौतम बोरखेड़ा केशवपुरा रंगबाड़ी कुन्हाड़ी सकतपुरा विवेकानंद आरके पुरम सहित विभिन्न समिति द्वारा आयोजित श्री महर्षि गौतम जयंती कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लेकर सभी समाजबंधुओं को आराध्य देव श्री महर्षि गौतम के जन्म उत्सव की शुभकामनाएं दी और समाजबंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय शास्त्र के प्रणेता श्री महर्षि गौतम के आदर्श त्याग तपस्या को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलकर मातृभूमि समाज कल्याण में अपना सदैव अच्छा सा अच्छा करने का प्रयास करना चाहिए।

जिला क्रीड़ा परिषद की बैठक सम्पन्न

कोटा, (निसं)। जिला क्रीड़ा परिषद की बैठक जिला कलेक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें जेके पेवेलियन, महाराव उम्मेद स्टेडियम में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया गया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि खेल सुविधाओं के विकास के लिए चल रहे विकास कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। वर्तमान में स्टेडियम एवं खेल संकूल के विकास कार्यों के नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत संभाग स्तरीय सलीमदुर्रानी स्पोर्ट स्कूल की स्थापना के लिए उचित स्थान का चयन कर प्रस्ताव राज्य सरकार का भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रीनाथपुरम स्टेडियम एवं मल्टीपरपज स्कूल में फुटबॉल मैदान व ट्रेक निर्माण के कार्य को समय पर पूरा कराया जाए। उन्होंने फुटबॉल अकादमी के पीछे मिनी फुटबॉल मैदान के लिए मिट्टी भराव कार्य को समय पर कराने के निर्देश दिए। खेल विभाग के प्रस्ताव पर बैठक में महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम एवं जेके पेवेलियन मैदान के बाहर खिलाड़ियों के वाहनों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए नगर विकास न्यास को निर्देश दिए। बैठक में श्रीनाथपुरम स्टेडियम में 400 मीटर सिंथेटिक एथलेट्रिक ट्रेक का निर्माण, इंडोर हॉल में सिन्थेटिक कोर्ट, बॉक्सिंग रिंग, मल्टीपरपज स्कूल में 400 मीटर सिण्डर ट्रेक का निर्माण कार्य समय पर कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला खेल अधिकारी अजीज पठान ने क्रीड़ा परिषद के अधीन संचालित विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। पूरे भारत में 22 मार्च को गुर्जर समाज के द्वारा अंन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कोटा में भी महावीर नगर देवनारायण मंदिर पर हाड़ौती गुर्जर महिला जागृति मंच द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस मनाया गया। ग्रुप एडमिन शालिनी गुर्जर ने बताया कि आज के दिन गुर्जर समाज की एकता, उत्थान, विकास एवं समाज की कुरीतियो व कुप्रथाओ को मिटाने के लिए शपथ ली।

साथ ही उन्होने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस 22 मार्च को महान गुर्जर सम्राट कनिष्क का राज्यारोहण हुआ था। इसलिए आज के दिन गुर्जर समाज अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस मनाता है। और गुर्जर समाज के पूर्वजों द्वारा समाज में शक् संवत के नाम से एक नए संवत को सम्राट कनिष्क ने अपने राज्यारोहण के उपलक्ष्य में 78 ईस्वी में चलाया था। इस संवत की पहली तिथि चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा होती है। जो कि विश्वविख्यात सम्राट कनिष्क महान के राज्यारोहण की वर्षगांठ के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर गुर्जर समाज की महिलाओं ने भगवान देवनारायण की फोटो पर माल्यार्पण कर दीपक जलाया और देश में शांति बने रहने की प्रार्थना की।

पूरे देश में गुर्जर समाज के लोग इस दिन को दीपक जलाकर और आतिशबाजी करके अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस मनाते है। इस अवसर पर मोनिका गुर्जर, शालिनी गुर्जर, डॉ. लक्ष्मी गुर्जर, अनिता गुर्जर, रंजना गुर्जर, रीना छावड़ी, संतोष भाटिया, कैलाश गुर्जर, सोनिया छावड़ी, सहित गुर्जर समाज की महिलाएं उपस्थित थी।

कलशयात्रा और रामकथा का आयोजन

कोटा, (निसं)। नूतन वर्ष के अवसर पर बुधवार को दादाबाड़ी क्षेत्र के वार्ड शिवपुरा चौथमाता अंबारानी मंदिर पर एक दिवसीय कलश यात्रा और नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन शुरू किया गया।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक बृजराज सिंह राठौड़ ने बताया कि हिन्दू वर्ष की शुरुआत अवसर पर शिवपुरा नगर में कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें महिलाएं बालिकाएं शामिल हुई। रामकथा प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे से 5.00 तक चलेगी।

कथावाचक महेश शास्त्री खातौली वालों के श्रीमुख से प्रवाह होगी। इस मौके पर मंदिर परिसर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। इस मौके पर वार्ड पार्षद प्रदीप कसाना, महेन्द्र सिंह, हनुमान सांवरिया, रामावतार गौतम, किशन टॉक, ईश्वर सिंह, महेश गौतम, समाजसेवी मनीष टॉक, हरिओम गौतम, रामचरण संरपच एवं मुख्य समाजसेवी और महिलाएं आदि मौजूद रहे। इस मौके पर बिट्टू इंटरटेनमेंट द्वारा मंदिर में झांकियां सजाई।

चार दिवसीय आरोग्य मेले का उद्घाटन आज

कोटा, (निसं)। आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक, यूनानी व सिद्धा होम्योपैथी चिकित्सा पर चार दिवसीय विशाल संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का उद्घाटन गुरूवार को प्रात: 11 बजे जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर तलवण्डी में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने बताया कि चार दिवसीय संभागीय स्तरीय आरोग्य मेला 23 से 26 मार्च तक राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय वैद्य दाऊदयाल जोशी जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन चिकित्सा एवं जिला प्रभारी मंत्री परसादी लाल मीणा करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित धारीवाल भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा एवं होम्योपैथी की चिकित्सा सेवाएं एवं परामर्श नि:शुल्क मिलेंगे। मेले में प्रात: 11 से रात्रि 8 बजे तक चिकित्सा एवं परामर्श तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उप निदेशक डॉ. जसवन्त सिंह मीणा ने बताया कि विशेषज्ञों द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। आयुर्वेद एवं विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों की विधाओं जैसे पंचकर्म, अग्निकर्म, जोंक से चिकित्सा, गर्भावस्था में गर्भीणी परीचर्चा, बुजुर्गों के लिए जरावस्था की देखभाल तथा सौंदर्य प्रसादन के विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। मेले के नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक डॉ. रेवतीरमण पारीक ने बताया कि आरोग्य मेले में नि:शुल्क पंचकर्म, जरावस्था, आंचल प्रसुता, अर्श भगंदर, कपिंग, जनसमान्य बीमारियों की जानकारी, स्वास्थ्यवर्धक जानकारियां, आयुर्वेद औषधियों की जानकारियां, पत्रपत्रिकाएं, आयुर्वेद औषधियां एवं होम्यापैथी चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यूनानी चिकित्सा पद्धति से जनमानस का सफल चिकित्सा की जाने के लिए अनुभवी चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क उपचार परामर्श सुविधा के साथ प्रतिदिन योगा एवं आयुर्वेद से संबंधित रोचक जानकारी पर व्याख्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद से जीवनशैली में विभिन्न रोगों से बचाव के बारे में भी मेले में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी। जिसका कोई भी नागरिक भाग लेकर नि:शुल्क लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि आरोग्य मेले में औषधीय पौधो के विशेषज्ञ कन्हैयालाल गोचर द्वारा आयुर्वेदिक औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4)

नाम अदालत पारिवारिक न्यायालय क्र.सं. 3 कोटा

मीनाक्षी विरुद्ध गिर्राज सिंह

वाद/प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 13 Hm Act प्रार्थना संख्या 153/18

नाम गिर्राज सिंह पुत्र बाबू सिंह जाति राजपूत निवासी 151 घास भैरु जी का मोहल्ला गांव मायजा तह. के. पाटन जिला बून्दी

उक्त प्रार्थीया मीनाक्षी ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम वास्ते विवाह विच्छेद की डिक्री हेतु

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये ता. 18 मास 5 सन् 2023 को 7.30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंज्ञात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जावेगा।

यह आज ता. 20 मास 3 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञानुसार
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय
क्रम-3 कोटा

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर-/2022

चूंकि श्री देवा गुर्जर पुत्र श्री दूधाजी गुर्जर बस्ती लखाना रानपुर कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत श्री देवनारायण चेरिटेबल ट्रस्ट खलिया बावडी दमोदरपुरा तहसील लाडपुरा, कोटा के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लियें, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हों प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रकिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 14.3.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 16.05.2023

सहायक आयुक्त
देवस्थान कोटा विभाग कोटा

कार्यालय नगर परिषद बून्दी (राज.)

क्रमांक:-9489-92 **सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-22.323

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय गोयल पुत्र श्री महादेव प्रसाद का आवेदन व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भवन निर्माण स्वीकृति वाके भूखंड संख्या 01 गायत्री नगर लंका गेट रोड बून्दी क्षेत्रफल 360 वर्गफीट हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्त क्रम में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस मय दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत कर दर्ज करावे अन्यथा बाद अवधि गुजरने के नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाकर संबंधित के नाम भवन निर्माण स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

आयुक्त नगर परिषद बून्दी

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, बून्दी

क्रमांक:-लेखा/2023/590 दिनांक:-21.03.2023

निविदा सूचना

पं. बृज सुन्दर शर्मा, सामान्य चिकित्सालय, बून्दी में खाद्य सामग्री क्रय हेतु निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है, निविदा का UBN No. MHS 2223 GSOB06324 है। विस्तृत जानकारी sppp.raj.nic.in तथा कार्यालय में देखी जा सकती है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
बून्दी

कार्यालय जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग बून्दी (राज.)

क्रमांक:-230 **सूचना** दिनांक:-21.3.23

वास्ते:-
परिवाद संख्या-45/2021
उनवान मुकदमा-श्रीमती घीसी बाई
बनाम:-
नीमच बूंदी आई हॉस्पिटल

डॉ. रश्मि अग्रवाल आ. नामालूम,
हाल कर्मचारी नीमच बूंदी आई हॉस्पिटल पुलिस लाईन रोड,
राजमार्ग ऑफिस के सामने बूंदी (राज.)
जर्ये नीमच बूंदी आई हॉस्पिटल पुलिस लाईन रोड,
राजमार्ग ऑफिस के सामने बूंदी (राज.)

चूंकि आवेदक/शिकायतकर्ता श्रीमती घीसी बाई द्वारा इस जिला आयोग बून्दी के समक्ष एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 धारा 12/35 के अन्तर्गत आप नीमच बूंदी आई हॉस्पिटल के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है। (जिसकी प्रति संलग्न)

अत: इस प्रकरण के निस्तारण के लिए आप अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बून्दी के समक्ष दिनांक 11.04.2023 को 10.30 बजे प्रात: पर स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के जर्ये मय संबंधित अभिलेख आदि के जवाबदेही हेतु अतिआवश्यक रुप से उपस्थित हो, अन्यथा आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर उक्त शिकायत का निर्णय किया जायेगा।

उक्त तारीख को आपकी उपस्थिति अति आवश्यक है तथा उक्त नोटिस प्राप्ति की दिनांक से एक माह के अन्दर आवश्यक रुप से जवाब प्रस्तुत करें।

मुद्रा :-
सहायक प्रशासनिक अधिकारी
संलग्न नकल परिवाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बून्दी (राज.)

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2023/1336 दिनांक:-21.3.23

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय योजना में आवास संख्या 892 का दिनांक 01.03.2012 को श्री दिव्य कुमार दायमा पुत्र स्व.श्री मोहन लाल दायमा एवं सुश्री बरखा दायमा पुत्री स्व.मोहन लाल दायमा के नाम हस्तांतरण किया गया था। श्री दिव्य कुमार दायमा पुत्र स्व.श्री मोहन लाल दायमा की मृत्यु दिनांक 09.05.2019 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त एवं सुश्री बरखा दायमा पुत्री स्व.श्री मोहन लाल दायमा के द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) दिनांक 14.09.2020 शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्रीमती नमिता कुमारी राजोरा पत्नि स्व.श्री दिव्य कुमार दायमा, सुश्री प्रकाशी दायमा, सुश्री दिशी दायमा पुत्री स्व.श्री दिव्य कुमार दायमा एवं श्री लक्ष्य दायमा पुत्र स्व.श्री दिव्य कुमार दायमा द्वारा उक्त आवास संख्या 892 आपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 892 श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय योजा का नामहस्तान्तरण श्रीमती नमिता कुमारी राजोरा पत्नि स्व.श्री दिव्य कुमार दायमा, सुश्री प्रकाशी दायमा, सुश्री दिशी दायमा पुत्री स्व.श्री दिव्य कुमार दायमा एवं श्री लक्ष्य दायमा पुत्र स्व.श्री दिव्य कुमार दायमा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ15/कृ.भू.रू./2023/2325 **विज्ञप्ति** दिनांक:-20.3.23

सर्वसाधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सकतपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना पंचवटी नगर में स्थित भूखण्ड संख्या 3 खसरा नं. 227/638, 227/639 आवेदिका श्रीमती भानुमती पत्नि श्री विजेन्द्र सिंह निवासी 4-डी-1 तलवण्डी कोटा द्वारा पट्टा जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रथम इकरारकर्ता श्रीमती मोहनी बाई पत्नि श्री बृजनन्दन कलाल द्वारा जर्ये मुख्तारआम बृजनन्दन पुत्र गणेशलाल को किया गया है। बृजनन्दन द्वारा श्री सेंडू राम पुत्र श्री नाथूराम को बैचान किया गया है।

अत: सेंडू राम द्वारा आवेदिका श्रीमती भानुमती पत्नि श्री विजेन्द्र सिंह के पक्ष में किये गये बैचान के आधार पर पट्टा जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति जों तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजरने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2023/1240 दिनांक:-27.2.23

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा राजीव गांधी नगर स्पेशल पार्ट-2 आवासीय योजना में भूखण्ड संख्या 152 का दिनांक 24.06.2021 को श्री तुलसीदास पारवानी पुत्र श्री लाल चन्द पारवानी के नाम आवंटन किया गया था। श्री तुलसीदास पारवानी पुत्र श्री लाल चन्द पारवानी द्वारा उक्त भूखण्ड जर्ये मुख्तारआम श्री अंशुल गर्ग पुत्र श्री डी.पी. गर्ग द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.08.2022 को श्रीमती दिव्या दूबे पत्नि श्री अक्षय दूबे एवं श्री अक्षय दूबे पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार दूबे को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती दिव्या दूबे पत्नि श्री अक्षय दूबे एवं श्री अक्षय दूबे पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार दूबे द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 152 राजीव गांधी नगर स्पेशल पार्ट-2 आवासीय योजना का नामहस्तान्तरण श्रीमती दिव्या दूबे पत्नि श्री अक्षय दूबे एवं श्री अक्षय दूबे पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार दूबे के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा